हिन्दी प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी चंडीगढ़
08 मई 2025, समय 1810

- भारत ने पाकिस्तान के कल रात ड्रोन व मिसाइलों का प्रयोग कर पंजाब और जम्मू कश्मीर में हुई सैन्य विमानों को निशाना बनाने के किए गए प्रयासों को विफल किया।
- भारतीय सशस्त्र बलों ने पाकिस्तान के कई स्थानों पर वायु रक्षा रडार व प्रणालियों को निशाना बनाया।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रीय सुरक्षा से संबंधित तैयारियों और अंतर-मंत्रालयी तालमेल की समीक्षा के लिए विभिन्न मंत्रालयों के सचिवों के साथ उच्च स्तरीय बैठक की ।
- ऑपरेशन सिंदूर पर बुलाई गई सर्वदलीय बैठक में सभी दलों ने आतंकवाद के खिलाफ भारतीय सेना की जवाबी कार्रवाई  समर्थन किया।
- हरियाणा के मुख्यमंत्री ने भारत द्वारा पाकिस्तान में आतंकवादियों के खिलाफ कार्रवाई को पाकिस्तान के लिए कड़ा संदेश बताया।

***************************************************************************

पाकिस्तान ने कल रात ड्रोन और मिसाइलों का उपयोग करके अवंतीपुरा, श्रीनगर, जम्मू, पठानकोट, अमृतसर, कपूरथला, जालंधर, लुधियाना, आदमपुर, भ टिंडा, चंडीगढ़, नल, फलौदी, उत्तरलाई और भुज सहित उत्तरी और पश्चिमी भारत में कई सैन्य ठिकानों को निशाना बनाने का प्रयास किया।आज थल सेना, वायु सेना और विदेश मंत्रालय की संयुक्त पत्रकार वार्ता में कर्नल सोफिया कुरैशी ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इन्हें एकीकृत काउंटर यूएएस ग्रिड और वायु रक्षा प्रणालियों द्वारा निष्प्रभावी कर दिया गया। इन हमलों के मलबे अब कई स्थानों से बरामद किए जा रहे हैं जो पाकिस्तानी हमलों की पुष्टि करते हैं।उन्होंने कहा कि पाकिस्तान ने जम्मू और कश्मीर के कुपवाड़ा, बारामुल्ला, उरी, पुंछ, मेंढर और राजौरी सेक्टरों में मोर्टार और भारी क्षमता वाले तोपखाने का उपयोग करके नियंत्रण रेखा के पार अपनी अकारण गोलीबारी की तीव्रता बढ़ा दी है।जवाबी कार्रवाई में भारत को पाकिस्तान की ओर से मोर्टार और तोपखाने की गोलाबारी को रोकने के लिए जवाब देना पड़ा।विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने  कहा कि भारतीय सशस्त्र बलों ने गैर-वृद्धि के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई है,बशर्ते कि पाकिस्तानी सेना इसका सम्मान करे। उन्होंने कहा कि भारत की प्रतिक्रिया केंद्रित और नापि तुली थी। पाकिस्तानी सैन्य प्रतिष्ठानों को निशाना

नहीं बनाया गया था। यह भी दोहराया गया कि भारत में सैन्य ठिकानों पर किसी भी हमले का उचित जवाब दिया जाएगा।

*********************************************************************

भारतीय सशस्त्र बलों ने आज सुबह पाकिस्तान के कई स्थानों पर वायु रक्षा रडार और प्रणालियों को निशाना बनाया। रक्षा मंत्रालय के अनुसार, पता चला है कि लाहौर में एक वायु रक्षा प्रणाली को निष्प्रभावी कर दिया गया है। मंत्रालय ने कहा कि भारत की प्रतिक्रिया पाकिस्तान के समान ही तीव्रता के साथ उसी क्षेत्र में रही है।

*********************************************************************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज राष्ट्रीय सुरक्षा से संबंधित हाल के घटनाक्रम के मद्देनजर राष्ट्रीय तैयारियों और अंतर-मंत्रालयी तालमेल की समीक्षा के लिए सरकार के विभिन्न मंत्रालयों और विभागों के सचिवों के साथ उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की। श्री मोदी ने परिचालन निरंतरता और संस्थागत परिवर्तनशीलता को बनाए रखने के लिए मंत्रालयों और एजेंसियों के बीच निर्बाध तालमेल की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने मौजूदा स्थिति से निपटने के लिए मंत्रालय की योजना और तैयारी की समीक्षा भी की। बैठक के दौरान कई मुद्दों पर चर्चा की गई। इनमें नागरिक सुरक्षा तंत्र को मजबूत करना, गलत सूचना और फर्जी खबरों का मुकाबला करने के प्रयास और महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे की सुरक्षा सुनिश्चित करना शामिल है। मंत्रालयों को राज्य के अधिकारियों और जमीनी स्तर की संस्थाओं के साथ घनिष्ठ तालमेल बनाए रखने की भी सलाह भी दी गई।

*********************************************************************

ऑपरेशन सिंदूर पर आज बुलाई गई सर्वदलीय बैठक में सभी राजनीतिक दलों ने आतंकवाद के खिलाफ भारतीय सेना की जवाबी कार्रवाई की प्रशंसा की और एकमत से अपना समर्थन व्यक्त किया। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में संसद में हुई इस बैठक में विभिन्न दलों के कई नेता शामिल हुए। श्री सिंह ने पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत जम्मू कश्मीर में नौ आतंकी ठिकानों पर भारत के हमले के बारे में उन्हें जानकारी दी।

*ऐसा वक्त में जब देश एक बहुत बड़ी चुनौती को हाथ में लेकर के काम कर रहे हैं तो इसमें राजनीति का कोई जगह नहीं है यह हमारे पूरे पॉलीटिकल पार्टीज़ ने दर्शाया है और सब लीडर्स ने एक मत से हमारे सेनाओं ने जो कार्रवाई की है ऑपरेशन सिंदूर को लेकर के पूरे बधाई भी दिया और गौरव का एहसास सबको हुआ है।*

कांग्रेस नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि उन्होंने सरकार को अपना पूरा समर्थन दिया है।

*हम सभी जितने भी पार्टी के लोग थे। सभी ने बताया इस संकट के घड़ी में हम सब आपके साथ हैं और आप जो काम कर रहे हैं करते रहिए और देश के हित में हम आपके साथ रहेंगे।*

**************************************************************************

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज कहा कि भारत ने ऑपरेशन सिंधूर के माध्यम से आतंकवाद के प्रति अपनी जीरो टोलरेन्स नीति दिखाई है।
श्री चौहान ने कहा कि भारत ने उन आतंकियों और उनकी ढांचागत सुविधाओं को नष्ट कर दिया है, जिन्होंने पहलगाम आतंकी हमले को अंजाम दिया था। श्री चौहान ने ये टिप्पणी नई दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय कृषि-खरीफ अभियान 2025 की कांफ्रेंस को संबोधित करते हुए की। मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में, आतंकवाद को जड़ से उखाड़ फेंकने का संकल्प देश का है। उन्होंने यह भी कहा कि भारत ने 1960 में सिंधु जल संधि को लेकर एक ऐतिहासिक गलती की थी, लेकिन अब भारत उस गलती को सुधार रहा है।

**************************************************************************

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा है की भारत ने पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू और कश्मीर में आतंकी ठिकानों पर कार्रवाई कर पाकिस्तान को कड़ा संदेश दिया है।
मुख्यमंत्री ने कहा कि आज देश आतंकवाद के खिलाफ एकजुट है।

**************************************************************************

जम्मू कश्मीर में पाकिस्तान द्वारा एलओसी पर की गई गोलीबारी में शहीद हुए भारतीय सेना के जवान दिनेश कुमार का अंतिम संस्कार पलवल जिले में उनके पैतृक गांव नगला मोहम्मदपुर गुलावद में राजकीय सम्मान के साथ किया गया।केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर, हरियाणा के कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल, खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री राजेश नागर,खेल मंत्री गौरव गौतम, होडल विधायक हरेंद्र कुमार सहित विभिन्न दलों के नेताओं ने शहीद को श्रद्धांजलि दी।

**************************************************************************

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा है कि पंजाब सरकार द्वारा जल विवाद पर पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय द्वारा दिए गए फैसले को दरकिनार करना दुर्भाग्यपूर्ण है। मुख्यमंत्री आज पंचकूला स्थित नाडा साहिब गुरुद्वारा में मत्था टेकने उपरांत पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि आज जब देश ऐसी परिस्थिति में है, उस समय भी मान साहब अपनी राजनीति में लगे हुए हैं, यह दुर्भाग्यपूर्ण है।श्री नायब सिंह सैनी ने पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान से उच्च न्यायालय के फैसले को मानते हुए हरियाणा के पानी को छोड़े जाने का आग्रह किया है।

***********************************************************************

एयर इंडिया और एयर इंडिया एक्सप्रेस ने पहलगाम आतंकी हमले और उसके जवाब में ऑपरेशन सिंदूर के बाद, भारत के सशस्त्र बलों के समर्थन में, एयरलाइनों के साथ बुकिंग कराने वाले रक्षा कर्मियों के लिए टिकटों के पुनर्निर्धारण पर कोई शुल्क न लगाने और रद्द करने पर पूर्ण धन वापसी का प्रस्ताव किया है। टाटा के स्वामित्व वाली एयरलाइन ने कहा है कि 31 मई तक टिकट रद्द होने पर पूर्ण धन वापसी और 30 जून, 2025 तक यात्रा की एक बार के लिए पुनर्निर्धारण छूट उपलब्ध होगी।

***********************************************************************